The research studies so far, have given Uj an early lead about the magnitude of the problem and the major modes of transmission. Continued research *i$* essential to contain spread of HIV infection.

Conducting research on AIDS is not a waste of money, as Research is necessary to determine:

(i) prevalence of infection in high risk groups in different regions.

(ii) modes of transmission of HIV infection;

(iii) clinical profile of AIDS cases;

(iv) natural history of HIV infection and plan effective control measures;

(v) R & D for control of AIDS.

श्री लंका में भारतीय फौज

785. श्री राम नरेश यादव :
श्री राम जेठमलानी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ वर्ष पूर्व श्रीलंका और भारत के बीच हुए समझौते को कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार ने अपनी फौज श्रीलंका भेजी थी ;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, 1989 तक इन सैनिकों पर भारत सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि खर्च की गई ;

(ग) इसी अवधि तक श्रीलंका में मरे गये घायल हुये विभिन्न रैंकों के फौजी-अफसरों तथा सिपाहियों की संख्या कितनी-कितनी है ; और

(घ) इन सैनिकों को श्रीलंका से कब तक वापस बुला लिए जाने की संभावना है ?

रक्षा संराज्य में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग के राज्य मंत्री (श्री विजयभास्कर पाणिग्रही) : (क) भारत-श्रीलंका समझौते के कार्यान्वयन में सहायता करने और श्रीलंका के उत्तरी-पूर्वी प्रांत में सभी समुदायों के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय शांति सेना जुलाई, 1987 से श्रीलंका में तैनात है ।

(ख) 31-1-1989 तक भारतीय शांति सेना की कार्रवाईयों पर 173.79 करोड़ रुपए खर्च होने की सूचना है ।

(ग) 31-1-1989 तक 37 अफसर और 735 जूनियर कमीशन अफसर/अन्य रैंक मारे गये तथा 115 अफसर तथा 1898 जूनियर कमीशन अफसर/अन्य रैंक घायल हुये ।

(घ) श्रीलंका में भारतीय सेना कितने समय तक रहेगी इस प्रश्न को भारत श्रीलंका समझौते के क्रियान्वयन के संदर्भ में देखा जाना चाहिए । भारतीय शांति सेना को वापस बुलाने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बताई जा सकती ।

विलम्ब से पूरा होने वाली केंद्रीय परियोजनायें

786. श्री राम नरेश यादव :
श्री राम जेटमलानी :

क्या कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न भागों में विकास के लिए बनायी गयी अनेक परियोजनायें अपने निर्धारित समय में पूरी नहीं हो सकी हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1988 के अन्त तक कुल कितनी परियोजनायें निर्माणाधीन थीं ;

(ग) इनमें से कुल परियोजनाओं की संख्या कितनी है जो अपने निर्धारित समय में पूरा नहीं हो पायी हैं ; और

(घ) निर्धारित समय में पूरा न होने के कारण इनकी निर्माण लागत में कितनी वृद्धि हो गई है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्रीमाधव सिंह सोलंकी) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) 30 सितम्बर 1988 की स्थिति के अनुसार, मंत्रालय की